घटनाक्रम

तरबूज की खेत का जायजा लेते कृषि पदाधिकारी। • हिन्दुस्तान

कृषि पदाधिकारी ने खेतों का जायजा लिया

खूंटी। खूंटी जिले में हजारों एकड़ में लगे तरबूज अब बाजार में जाने लगे हैं। तरबूज की खेती की जानकारी लेने गुरूवार को जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, आत्मा के उपनिदेशक अमरेश कुमार, डीआरडीए के मनीष कुमार और प्रदान के विजय कुमार बीरू गुरूवार को तोरपा प्रखंड के गुड़गुड़ चुंआ, सुंदारी, पुटका आदि गांवों का दौरा किया। बताते चलें कि झारखंड के विभिन्न जिलों समेत पड़ोसी राज्यों ओड़िसा, बिहार के व्यापारी भी तरबूज खरीदने खूंटी के खेतो तक पहुंचते हैं।